# दिल्ली पब्लिक स्कूल

# नवी मुंबई

# पुनरावृत्ति

कक्षा-8 जमा करने की तारीख – 09-09-14

विषय-हिंदी

## (व्याकरण)

प्रश्न-1 निर्देशानुसार उत्तर दीजिए –

(क) दिए गए शब्दों के लिंग पहचानिए- (1) परीक्षा (2) कुटुंब (3) मोटापा (4) सरसराहट

(ख) रेखांकित शब्दों के वचन बदलकर वाक्य पुनः लिखिए-

(1) इस नदी में पानी लबालब भरा हुआ है।

(2) छात्र ने समय पर प्रश्न-पत्र पूरा किया।

(ग) कर्म के आधार पर क्रिया के भेद बताइए- (1) माँ आज खीर बनाएगी।

(2) समीर चुपके-से भाग गया।

(घ) उचित शब्द चुनकर वाक्य पूर्ण कीजिए--

(1) दुर्योधन ने अपने **अस्त्र/शस्त्र** गदा को नमन किया।

(2) किसी भी कार्य में कुशलता प्राप्त करने के लिए निरंतर **अभ्यास/परिश्रम** आवश्यक है।

(ङ) उचित लोकोक्ति चुनकर वाक्य पूर्ण कीजिए –

एक तो नरेश ने चोरी की। जब अध्यापक डाँटने लगे, तो मुझे भला-बुरा कहने लगा। इसे कहते हैं ______

(1) अपना हाथ जगन्नाथ (2) ऊँची दुकान, फीका पकवान

(3) कोयले की दलाली में मुँह काला (4) उल्टा चोर कोतवाल को डाँटे

प्रश्न-2 कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार रिक्त स्थान भरिए –

(क) मधुरा ____ खड़ी रही। ( स्थानवाचक क्रिया विशेषण)

(ख) हाथी एक ____ जानवर है। (गुणवाचक विशेषण)

(ग) रघु ने _____ रसगुल्ले खाये थे। (अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण)

(घ) सतीश घर पर _____। ( 'सोना' क्रिया का संदिग्ध वर्तमानकाल का रूप)

(ङ) लीला ने कपड़े _____। ( 'धोना' क्रिया का पूर्ण भूतकाल का रूप)

(च) अनुज _______ सुन रहा था। ( रीतिवाचक क्रिया विशेषण)

(छ) नीरज पूरा दिन अपने भाई का इंतज़ार करता रहा, ________ वह नहीं आया। (समुच्चयबोधक शब्द)

**प्रश्न-3 निर्देशानुसार उत्तर दीजिए –**

**(क) संधि कीजिए-**

(1) गण + ईश (2) अनु+एषण (3) तथा+ एव (4) उपरि + उक्त

**(ख) संधि-विच्छेद कीजिए-**

(1) सारांश (2) नदीश (3) पुरुषोत्तम (4) सप्तर्षि

**(ग) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए-**

(1) जो भूमि उपजाऊ न हो (2) जिसका कोई शत्रु न हो

## <u>वितान</u>

**प्रश्न-4 प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए-**

(क) प्रदूषित नदियों में मछलियाँ जीवित क्यों नहीं रह सकती?

(ख) साधु को पाँच करोड़ रुपए क्यों दिए गए?

(ग) मिर्ज़ा ने बरसात के मौसम को ईश्वर का अभिशाप क्यों कहा?

(घ) बैजनाथ किस नदी के किनारे स्थित है?

**प्रश्न-5 दिए गए पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए –**

**धरती पर कितने चरण चले, कितनों ने रोया-गाया है,**
**धरती की नीरव भाषा को पर कौन भला पढ़ पाया है,**
**मैंने तो भू के अंक पढ़े, नभ लिपि की बातें क्या जानूँ?**

(क) कवि और कविता का नाम बताइए।

(ख) कवि धरती की भाषा को नीरव क्यों कहते हैं?

(ग) 'भू के अंक' और 'नभ लिपि' से क्या तात्पर्य है?

**प्रश्न-6 दिए गए पाठ्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए –**

**उस एक क्षण के हिम-दर्शन ने हममें जाने क्या भर दिया था। सारी खिन्नता, निराशा और थकावट सब छूमंतर हो गई। हम सब व्याकुल हो उठे।**

(क) पाठ और लेखक का नाम बताइए।

(ख) हिम-दर्शन का लेखक पर क्या असर हुआ?

(ग) लेखक व्याकुल क्यों हो गए?

**प्रश्न-7 आशय स्पष्ट कीजिए-**

(1) सूरज धरती की छाती पर, संपूर्ण तेज अज़माता है,
नभ अपने वज्र प्रहारों से, धरती के प्राण कँपाता है,
ज्वालामुखियों-भूकंपों ने , धरती पर प्रलय मचाया है।

(2) तब मुझ पर यह रहस्य खुला की इनसे मित्रता करके मैंने एक बड़ी मुसीबत मोल ली है। विरोध इनकी घुट्टी में मिला है।

(3) उसे बाल-शिखर जान किसी ने अंदर खींच लिया। खिड़की से झाँक रहा है, कहीं गिर न पड़े।

**प्रश्न-8 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए –**

(क) 'अब भ्रष्टाचार ईश्वर हो गया है' --विशेषज्ञों ने ऐसा क्यों कहा? राजा को यह बात किस प्रकार समझाई गई?

(ख) मिर्ज़ा छिद्रान्वेषी से तत्वान्वेषी कैसे बने?

(ग) लेखक के रानीखेत से कोसी तक की यात्रा का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

(घ) आपके अभिप्राय से नदी पर बाँध बनाने से मनुष्य को क्या-क्या लाभ हुए हैं?

----------